# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 538 वर्ष 42

राँची, 30 नवम्बर, 2018


# सीआईएल /सीसीएल स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

## अपनी मेहनत से अभिशाप को वरदान में बदल सकते हैं – सीएमडी




दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

सीआईएल/सीसीएल का 44वां स्थापना दिवस सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्यालय में सीएमडी श्री गोपाल सिंह सहित नि. (वित्त) श्री डी.के. घोष, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, नि. (यो./परि.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, श्रमिक प्रतिनिधियों एवं कर्मियों ने सर्वप्रथम दरभंगा हाउस स्थित शहीद स्मारक पर दिवंगत कोयला श्रमिकों को श्रद्धांजलि दी। अवसर विशेष पर कुल 436 कर्मियों (मुख्यालय में 62 कर्मी सहित) को प्रबंधन द्वारा सामूहिक पदोन्नति दी गई। मुख्य अतिथि सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं निदेशकगण द्वारा शांति एवं प्रगति के स्वरूप रंगीन गुब्बारें आकाश में उड़ाये गये।

मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें ग्रीन कोल पर कार्य करना है। श्री सिंह ने कोयले से मेथनॉल उत्पादन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जब तक सृष्टि है तब तक मनुष्य को ऊर्जा का श्रोत चाहिए इसके लिए



पदोन्नति प्राप्त श्रमिकों के साथ सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशकगण एवं अन्य

हम कोयले से गैस या लिक्विड बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि कम्पनी के पास अपार संसाधन है और कम्पनी अपनी खाली भूमि पर सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन भी कर सकता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में कोयला उत्पादन के साथ–साथ सीएसआर के अंतर्गत कम्पनी ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया है। श्री सिंह ने कल्याणकारी योजनाओं जैसे – खेल अकादमी, सीसीएल के लाल एवं लाडली तथा एमएसडीसी, बीटीटीआई : भुरकुंडा द्वारा रोजगार सम्बन्धित प्रशिक्षण की जानकारी दी। श्री सिंह ने कर्मियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी और कहा कि आप अभिशाप को अपनी मेहनत से वरदान में बदल सकते हैं।

अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त) श्री डी के घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, निदेशक (यो./परि.) श्री वी के श्रीवास्तव ने कंपनी के कार्यनिष्पादन और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस वर्ष कोयला उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु हम सभी को आगामी पांच महीनो में कड़ी मेहनत करनी होगी तभी कंपनी उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा।

# उत्कृष्ट कार्यनिष्पानदन करने वाले क्षेत्र एवं कर्मी पुरस्कृत




सीमएडी श्री गोपाल सिंह विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए

विगत 17 नवम्बर को टाना भगत इन्डोर स्टेडियम मेगा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, खेलगांव, रांची में स्थापना दिवस समापन समारोह का आयोजन किया गया। अवसर विशेष पर विभिन्न श्रेणी में उत्कृष्ट कार्यनिषादन करने वाले कर्मियों, क्षेत्रों, परियोजनाओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने समापन समारोह के मुख्य आकर्षण – अपने–अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ एवं कुशल कार्यनिष्पादन हेतु सम्मानित सभी क्षेत्रों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी से कंपनी को अपेक्षा है कि भविष्य में भी आप अपना उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन जारी रखेंगे। श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल परिवार हमेशा से उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है चाहे वह उत्पादन का क्षेत्र हो या सामाजिक बदलाव का क्षेत्र। श्री सिंह ने पिछले कुछ वर्षों में प्रारंभ की गई विभिन्न नयी परियोजनाओं के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स विशेषकर विस्थापितों, ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ग्रामीण भाईयों द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि और सभी के सामूहिक प्रयास से ही नई परियोजनाओं को मूर्तरूप दिया जा सका है और इसके लिए सीसीएल प्रबंधन आप सभी का आभार व्यक्त करता है।

इस अवसर पर नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, नि. (तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा एवं निदेशक (यो./परि.) श्री वी.के. श्रीवास्तव ने समापन समारोह की बधाई देते हुए कहा कि देश की उर्जा की मांग को पूरा करने के लिए कंपनी प्रतिबद्ध हैं और निष्ठापूर्वक इसके लिये कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कर्मियों को प्रेरित करते हुए कार्यनिष्पादन को और बेहतर करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमीला सिंह, नि. (का.) की धर्मपत्नी श्रीमती सुनिता महापात्रा, नि. (तक./संचा.) की धर्मपत्नी श्रीमती पुनम मिश्रा, नि. (यो./परि.) की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव सहित क्षेत्रिय एवं मुख्यालय से महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, जेसीएससी, वेलफेयर बोर्ड एवं सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों, कर्मी, मीडिया बंधु, जेएसएसपीएस कैडटस एवं अन्य उपस्थित थे।

# भूमि संबंधित विभिन्न एक्ट पर कार्यशाला



संबोधित करते हुए नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र

विगत 08 नवम्बर को मुख्यालय में एचआरडी विभाग द्वारा "एक दिवसीय कार्यशाला" का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीएमडी श्री गोपाल सिंह के मार्गनिर्दैशन में आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य युवा अधिकारियों में कुशल नेतृत्व को विकसित करना था जिससे कंपनी भविष्य में कोयला उत्पादन सहित अन्य बिन्दुओं पर लक्ष्य हासिल कर सके।

अपने संबोधन में नि. (का.) श्री आर. एस. महापात्र ने कहा कि इस तरह के कार्यशाला से युवा अधिकारियों को भूमि संबंधित विभिन्न एक्ट की जानकारी मिलेगी जिससे वे अपने कार्य को सुगमता से कर सकेंगे।

कार्यशाला के दौरान भूमि, राजस्व एवं सीएसआर विषय पर मुख्य वक्ता पूर्व एडिशनल उपायुक्त श्री अशोक कुमार झा से अधिकारियों ने संवाद कर अपना ज्ञानवर्द्धन किया।

# सम्मान समारोह का आयोजन




मुख्यालय में सेवानिवृत कर्मियों के साथ सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य

नवम्बर माह में सीसीएल से कुल 154 कर्मी सेवानिवृत हुए जिन्हें सम्मान समारोह आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। मुख्यालय से सेवानिवृत कर्मियों के नाम : श्री ए.के. मिश्रा, निदेशक (तक./संचा.), डॉ मंजुश्री सिंह, सीएमएस इंचार्ज, सीसीएल गांधीनगर, डॉ भोला प्रसाद सिंह, सीएमओ, गांधीनगर अस्पताल, श्री अनिल कुमार सिंह, वरीय प्रबंधक (वित्त), श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, अधी. इंजी. (असैनिक), श्री भास्कर नंदी, फोरमैन इन्चार्ज, ग्रेड–ए, श्री वासुदेव उरांव, कार्या. अधी. ए–1, श्रीमती पी.वी. इन्दिरा देवी, वरीय निजी सहायक, ए–1, श्री एरियल तिग्गा, अकांउटेंट ए–1, श्रीमती सीता देवी, प्यून तथा गांधीनगर अस्पताल से श्री संतोष कुमार मुखियार, मैकनिकल फिट्टर ए–1, श्रीमती एमलेन टूटी, मेट्रोन ए1 एवं श्री राम प्रसाद टोप्पो, वरीय बॉय, ग्रेड–जी

# रक्तदान शिविर




सीएमएस, सीसीएल डॉ. सी.पी. धाम रक्तदान करते हुए

स्थापना दिवस के अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह के साथ निदेशकगण ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर में किया। शिविर में कुल 22 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस अवसर पर सीएमएस, सीसीएल डॉ. सी.पी. धाम, डॉ के.के. दास, डॉ. एस.के. केडिया, डॉ. इन्दु कुमारी, डॉ. सीमा कुमारी सिंह सहित पारा मेडिकल कर्मी उपस्थित थे। स्थापना दिवस के अवसर पर सीसीएल विप्स द्वारा चेशायार होम तथा गाँधीनगर अस्पताल में फल, मिठाइयों, दूध, चॉक्लेट का वितरण किया गया। सीसीएल, गाँधीनगर, राँची में पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

एक समय में एक काम करो और ऐसा करते समय
अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ।
— स्वामी विवेकानन्द


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)